# पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

बिहार सरकार

## जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं को जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, पटना अन्तर्गत जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र में सिविल सेवा, मेडिकल(नीट), जे०ई०ई० (मेन) एवं आई० आई० टी० बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) करायी जायेंगी।

केन्द्र में कक्षाओं का संचालन ऑफलाईन किया जायेगा जिसे ऑनलाईन मोड में विभाग द्वारा संचालित सभी अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास एवं प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रसारित किये जाने की व्यवस्था की जायेगी। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी कक्षा संचालन का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र में 60–60 (कुल–120) छात्र/छात्राओं के दो बैच (प्रशिक्षण अवधि–12 माह) संचालित कराये जायेगें।

उपलब्ध सीटों में पिछड़ा वर्ग के लिए 40 प्रतिशत एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए 60 प्रतिशत सीट अनुमान्य हैं। किसी एक कोटि के छात्र/छात्रा अनुपलब्धता की स्थिति में दूसरे कोटि के छात्र/छात्रा का नामंकन किया जायेगा।

उपरोक्त दोनो कोटि में छात्राओं के लिए क्षैतिज आरक्षण (33%) अनुमान्य होगा।

### जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र, पटना में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को दी जाने वाली अन्य सुविधाएं :–

- प्रतियोगी पुस्तकों के क्रय हेतु रू0–3000/–के दर से प्रति छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन राशि
- अध्ययन सामग्री
- उन्नत पुस्तकालय
- ऑनलाईन टेस्ट सेंटर
- लैपटॉप
- स्मार्ट बोर्ड
- स्मार्ट टी0वी0
- ऑल इन वन डेस्कटॉप कम्प्यूटर (10 सेट)
- प्रोजेक्टर
- प्रेरणा –सह मार्गदर्शन सत्र
- पाक्षिक जाँच परीक्षा
- राज्य स्तरीय द्विमासिक जाँच परीक्षा
- छात्र/छात्राओं के प्रगति के मूल्यांकन हेतु MIS पोर्टल
- डिजिटिल स्मार्ट आई0 डी0 कार्ड0
- अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

### छात्र/छात्रा की पात्रता :–

छात्र/छात्रा बिहार राज्य के स्थायी निवासी हों।पिछड़ा वर्ग अथवा अति पिछड़ा वर्ग के सदस्य हों। छात्र/छात्रा अथवा उनके अभिवावक की अधिकतम वार्षिक अद्यतन आय सभी स्रोतों को मिलाकर रू०–3,00,000/– होनी चाहिए। छात्र/छात्रा की आयु सीमा एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित कोर्स के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता के अनुरूप होनी चाहिए।

**आवेदन करने की अंतिम तिथिः–**
**31.12.2023**

### आवेदन कैसे करें :–

विहित प्रपत्र में पूर्ण आवेदन–पत्र https://state.bihar.gov.in/bcebcwelfare/CitizenHome.html से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन निदेशक, जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र, जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, कंकडबाग, पटना को निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से समर्पित किया जाना है। अभ्यार्थी स्वयं भी संबंधित केन्द्र के कार्यालय में आवेदन पत्र समर्पित कर सकते हैं। छात्र–छात्राओं का चयन कांउसिलिंग के माध्यम से किया जायेगा।

नामांकन संबंधी जानकारी निदेशक, जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र, जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, कंकड़बाग, पटना– 800 020 मो0 नं0–7717708233 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, चतुर्थ तल, सोन भवन, वीर चंद पटेल मार्ग (आर० ब्लॉक), पटना– 800 001 के दूरभाष संख्या–0612 2226099।

PR No.- 013238 (BC & EBC)D. 2023-24



# बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम

चतुर्थ तल, सोन भवन, वीर चंद पटेल मार्ग (आर० ब्लॉक), पटना– 800 001

## जननायक पुस्तकालय एवं डिजिटल अध्ययन केंद्र, पटना में नामांकन हेतु आवेदन–पत्र

स्व अभिप्रमाणित अद्यतन फोटो चिपकायें तथा अतिरिक्त 2 फोटो संलग्न करें।

1. कोर्स –.सिविल सेवा ☐ आई0आई0टी0(जे0ई0ई0) ☐
2. आवेदक का नाम – ..............................
3. पिता/अभिभावक का नाम एवं मोबाई नम्बर–..............................
4. जन्म तिथि – ..............................
5. लिंग – पुरूष ☐ स्त्री ☐
6. (a)शैक्षणिक योग्यता– ..............................(b)उत्तीर्ण होने का वर्ष–..............................
7. कोटि – पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
8. स्थायी पता – ..............................
..............................
9. पत्राचार का पता – ..............................
..............................
10. आवेदक/अभिभावक की वार्षिक आय : ..............................
11. आधार संख्या (AADHAR NO.) ..............................
12. मोबाईल नम्बर –.............................. ई–मेल..............................

आवेदक का हस्ताक्षर

तिथि–..............................

**अनुलग्नकः**–आवेदन पत्र के साथ जन्मतिथि, शैक्षणिक योग्यता, जाति, आय एवं आधार कार्ड संबंधी प्रमाण–पत्रों का स्व–सत्यापित छाया–प्रति दो (02) पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो एक स्वपता लिखित लिफाफा (निबंधित डाक के उचित मूल्य के डाक टिकट सहित) संलग्न करें। नामांकन के समय सभी मूल प्रमाण–पत्रों तथा सम्मिलित हुए प्रतियोगिता परीक्षाओं के प्रवेश पत्र की छाया प्रति के साथ उपस्थित रहना अनिवार्य है।

---

### कार्यालय उपयोग हेतु

1. पंजीयन संख्या –
2. कोर्स का नाम –

प्राप्तकर्त्ता का हस्ताक्षर कार्यालय मुहर सहित